卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

ॐ शरवणभव卐 ॐ शरवणभव卐 ॐ शरवणभव卐 ॐ शरवणभव卐

♦वर्ष 23 ♦अंक 235 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦2 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## किच्छा में फिर अतिक्रमण हटाने की तैयारी से हड़कम्प

### महाराणा प्रताप चौक से डीडी चौक तक हटेगा अतिक्रमण, बेहड़ ने प्रभावित लोगों से की मुलाकात

किच्छा( उद संवाददाता)। अतिक्रमण को लेकर प्रशासन का पीला पंजा नगर में फिर बरसने को तैयार है।



महाराणा चौक से लेकर डीडी चौक तक लोक निर्माण विभाग द्वारा चिन्हित किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने की प्रक्रिया के तहत प्रशासन मुस्तैद नजर आ रहा है। गौरतलब है कि पूर्व में बेनी बाजार से लेकर महाराणा चौक तक लोक निर्माण विभाग द्वारा चिन्हित अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया था। अतिक्रमण को लेकर किए गए चिन्हीकरण का क्षेत्रीय विधायक तिलक राज निरीक्षण किया तथा अतिक्रमण के दायरे में आ रहे व्यवसायियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि नियमानुसार सभी के लिए एक समान मापदंड अपनाएं जाएंगे तथा लोक निर्माण विभाग की भूमि के अलावा अन्य किसी क्षेत्र में आम आदमी को उजड़ने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को तत्काल कार्यवाही रोक देनी चाहिए। उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)

### अभिलेखों के आधार पर होगी कार्रवाई:एसडीएम

किच्छा( उद संवाददाता)। उप जिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्रा ने कहा कि उच्च न्यायालय के एवम सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाए जाने की कार्यवाही की जा रही है।सभी विभागों के अभिलेखों की जांच पड़ताल कर चिन्हीकरण कर करवाही अमल में लाई जा रही है। जो लोग पात्र है उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नही की जा रही है। सभी के अभिलेखों की जांच के बाद ही कदम उठाए जा रहे (शेष पृष्ठ सात पर)

## नगला में भी सैकड़ों लोग बेघर होने की कगार पर

किच्छा( उद संवाददाता)। पंतनगर नगला में अतिक्रमण के दायरे में आ रहे लोगों ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा से मुलाकात की तथा भूमि के संबंध में समस्त कागजात पेश किए। उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने सभी लोगों के दस्तावेजों को देखा तथा पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रशासन एवं वन विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों से स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति को स्पष्ट करने का निर्देश दिया। उप जिलाधिकारी से भेंट करने आए शिष्टमंडल का कहना था कि पूर्व में शासन और प्रशासन द्वारा मौके पर (शेष पृष्ठ सात पर)



गुरू मां

उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

गर्मियों में ठंड जैसी राहत

गुरू मां

36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac

Premium Split Ac

Mid-Range Split Ac

Heavy-Duty Split Ac

Easy EMI Options Available

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS

DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## हजारों की नगदी सहित दो सट्टेबाज दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो सट्टेबाजों कों हजारों की नगदी व अन्य सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई धीरज टम्टा , प्रदीप पन्त मय कानि. राकेश खेतवाल, दिनेश चन्द के गश्त करते शिवनगर तिराहा पहुँचे तो मुखबिर की सूचना पर वह छटपूजा स्थल जगतपुरा के पास पहुंचे जहां छटपूजा मैदान के पास भीड-भाड लगी थी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सट्टा खिला रहे दो लोगों को पकड लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता पप्पू सागर पुत्र नेत्रपाल निवासी होली चौक आवास विकास तथा प्रेम कुमार पुत्र मनोहर सिंह (शेष पृष्ठ सात पर)

### रस्म पगड़ी



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जा रहा है कि मेरे सुपुत्र **श्री बलदेव राज अरोड़ा** का आकस्मिक निधन दिनांक 23 मई 2023 को हो गया है, उनकी आत्मिक शांति हेतु **रस्म पगड़ी दिनांक 03 जून 2023 दिन शनिवार** को समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्थान- **सिटी क्लब, काशीपुर बाईपास रोड,रुद्रपुर** में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

स्व. भजन लाल-सीमा रानी (भाई-भाभी)
गुलशन अरोड़ा-बेबी रानी (भाई-भाभी)
जगदीश अरोड़ा-सुधा रानी (भाई-भाभी)
नीलम रानी-केवल कृष्ण हुड़िया (बहन-जीजा)
सोनिया-अमित कालरा (पुत्री-दामाद)
भानु, निखिल,रमन, अर्पित,
प्रियांशु,शौर्य अरोड़ा( भतीजे )
अभिनव कालरा (दोहता )
माही कालरा( दोहती)

श्रीमती वीरा रानी (माताजी)
श्रीमती प्रकाश रानी (पत्नी)
संजीव अरोड़ा-एकता( पुत्र-पुत्रवधु)
अमित अरोड़ा-पूजा( पुत्र-पुत्रवधु)
माधव अरोड़ा,रीत,गीत (पोता,पोती)
**समस्त अच्छेजा परिवार**
**कालरा परिवार, हुड़िया परिवार**
निवास स्थान-ओमेक्स रिवेरा, एब्रो-डी-308,रूद्रपुर

प्रतिष्ठान-माधव इण्डस्ट्रीज, रीत एसोसिएट्स
मो. 9917402200. 992775600

## पति ने की थी अंजू की हत्या, गिरफ्तार

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। गत दिनों घर के बाथरूम में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकी मिली महिला के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है की घेरेलू कलह के चलते पति ने गला दबाकर उसकी हत्या की और बाद में उसे फांसी पर लटका दिया। पुलिस के अनुसार 31 मई को मनोज दत्त पुत्र पंकज दत्त निवासी टांडा विजैसी थाना न्यूरिया जिला पीलीभीत द्वारा थाना सितारगंज में लिखित तहरीर दी गई कि उसकी साली श्रीमती अंजु बनिक पत्नी कमल बनिक निवासी ग्राम गोविन्दनगर पडागांव शक्तिफार्म थाना सितारगंज उम्र 29 वर्ष को उसके पति द्वारा गला दबाकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। प्रभारी निरीक्षक सितारगंज द्वारा अभियोग की विवेचना के क्रम मे मृतका के पोस्टमार्टम कर्ता चिकित्सक के बयान अंकित कर (शेष पृष्ठ सात पर)



## खाते से 95 हजार उड़ाये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साईबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑन लाईन धोखाधड़ी कर एक व्यक्ति के खाते से 95 हजार रूपये निकाल लिए गए। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राजेश सुयाल पुत्र बालादत्त सुयाल निवासी ग्राम सिमराड़ जिला नैनीताल ने कहा है कि 21अप्रैल 2023 शाम उसके खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 95 हजार की रकम निकाल ली गई है जो उसके संज्ञान में नही है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पुलिस से शिकायत करना पड़ गया महंगा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ले में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना पुलिस को देना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। लोगों ने उसे बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामलें की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में लालू साहनी पुत्र राम कुमार साहनी निवासी वार्ड 32, भूरारानी ने कहा है कि मोहल्ले में अवैध दारू बेचने वालों के खिलाफ (शेष पृष्ठ सात पर)

## पत्नी निकली धोखेबाज,ससुर व साला धमकाकर ले गये लाखों के जेवर व नगदी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विवाह के पश्चात पति को मालूम हुआ कि उसकी पत्नी का किसी से प्रेम प्रसंग चल रहा है पति ने इसकी शिकायत जब ससुर से की तो ससुर व साला उसके घर में घुस आये और तमंचा तान कर धमकी देते हुए अल्मारी में रखे लाखों के जेवर तथा नगदी निकाल कर ले गये। कोर्ट के आदेश पर मामले की रपट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में आनन्द जय सिंह पुत्र देवराज जय सिंह निवासी फ्रेन्ड्स सर्किल कालौनी रूद्रपुर ने बल्देव कृष्ण भुडडी, अक्षय भुडडी पुत्र बल्देव कृष्ण भुडडी, शीना पुत्री बल्देव कृष्ण भुडडी, पत्नी आनन्द जय सिंह निवासीगण वार्ड 1 गदरपुर, हाल निवासी राजीव कालौनी, लुधियाना पंजाब के विरूद्ध कहा है कि उसका विवाह 28 अक्टूबर 2012 को शीना पुत्री बल्देव कृष्ण भुडडी के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ। विवाह के बाद एक पुत्र अभीराज उर्फ प्रिंस का जन्म हुआ जो लगभग 9 साल का है और उसके पास है। विवाह के कुछ समय के बाद पता चला कि उसकी पत्नी काफी स्वच्छंद विचारों की महिला है हमेशा घर वालो के साथ दूरी बनाकर रखना चाहती थी (शेष पृष्ठ सात पर)

Created by Universal Document Converter

# अस्पताल स्कूल व प्रतिष्ठानों ने हाईवे को बना दिया पार्किंग

## नव्या हॉस्पिटल के आसपास बना रहता है गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा

काशीपुर( उद संवाददाता)। ट्रैफिक पुलिस व सिटी पेट्रोल यूनिट (सीपीयू) के लिए नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू करना चुनौती बन चुका है। मुरादाबाद रोड पर एक विद्यालय समेत खुले आधा दर्जन से अधिक निजी अस्पतालों ने राष्ट्रीय राजमार्ग को पार्किंग में तब्दील कर दिया। सर्वाधिक हादसे इसी मार्ग पर घटित होते हैं। मजे की बात तो यह है कि नगर निगम भी इस मामले में कोई कारगर कदम नहीं उठा पा रहा है। शहर की यह समस्या ज्वलंत रूप ले चुकी है। बौद्धिक तबके का मानना है कि यदि गैर कानूनी अतिक्रमण को हाईवे के किनारे से समूल खत्म कर दिया जाए तो शहर की शक्ल देखने लायक




हो जाएगी वहीं दूसरी ओर दुर्घटनाओं का ग्राफ नीचे होगा। ज्ञातव्य है कि मुरादाबाद रोड पर बड़ी प्रतिष्ठान स्कूल तथा निजी अस्पताल के संचालकों ने पिछले कुछ वर्षों से राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनाधिकृत रूप से कब्जा कर उसे पार्किंग में तब्दील कर दिया है। हाईवे के किनारे वाहनों के आड़ा तिरछा खड़े होने की वजह से चौबीसों घंटे गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। पिछले एक वर्ष की बात करें तो राजमार्ग पर अतिक्रमण के कारण आधा दर्जन से भी अधिक लोग दुर्घटना की चपेट में आकर मौत के मुंह में चले गए लेकिन मजे की बात यह है कि प्रशासन इतना कुछ होने के बावजूद उक्त मार्ग पर व्यवस्था दुरुस्त नहीं करा सका। और तो और ट्रैफिक पुलिस तथा सिटी पेट्रोल यूनिट के जवान इसी मार्ग से होकर पूरे दिन गुजरते हैं लेकिन इसके बावजूद हाईवे किनारे गलत तरीके से की गई पार्किंग को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। ढेला पुल के समीप एक अस्पताल के संचालक ने नियम कायदों की पूरी तरह बलि चढ़ा दी। यहां सुबह सवेरे से देर रात तक राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे वाहन कतार बद्ध खड़े देखे जा सकते हैं। इसी तरह नव्या हॉस्पिटल के आसपास सैकड़ों की तादाद में दो पहिया वाहन भी आड़े तिरछे खड़े देखे जा सकते हैं। जानकारों का मानना है कि यदि सड़क किनारे पसरे अवैध अतिक्रमण को हटा दिया जाए तो ट्रैफिक सुचारू हो जाएगा और दुर्घटनाओं की आशंका काफी कम हो जाएगी। यह बताना यह भी है कि रामनगर रोड और बाजपुर रोड पर भी कुछ लोग हाईवे को अतिक्रमण कर ईट रेता बजरी के कारोबार में लिप्त है। सड़क किनारे ईट रेता बजरी की ढेर के कारण ट्रैफिक अक्सर अवरुद्ध होता है।

### तो क्या झोल के कारण नहीं होती कार्यवाही?

राष्ट्रीय राजमार्ग को पार्किंग में तब्दील किए जाने की खबर पूर्व में भी कई बार प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बावजूद ट्रैफिक पुलिस सीपीयू तथा नगर निगम द्वारा एक्शन का ना लिया जाना साबित करता है कि मामले में कुछ तो झोल है। प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेना होगा अन्यथा आगे और गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकेगा।

**वाटर प्रूफिंग**
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे– छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

**Shri Shyam Properties**
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

**जगदीश**
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# जिला विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में नौ प्रस्ताव स्वीकृत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मण्डलायुक्त एवं अध्यक्ष जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण दीपक रावत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विकास प्राधि







करण की 17वीं बोर्ड बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में 10 में से 9 प्रस्ताव स्वीकृत किये गए। प्राधिकरण के वर्तमान कार्य क्षेत्र तथा योजनाओं के और अधिक प्रभावी ढंग से संचालन हेतु 12 श्रेणियों में 30 पदों पर बाह्य स्त्रोत के माध्यम से नियुक्ति का प्रस्ताव पास किया गया। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। रूद्रपुर में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट निर्माण की स्वीकृति दी गई, जिसमें महिला स्वच्छक ही तैनात होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत ग्राम बागवाला तहसील रूद्रपुर में 1872 ई.डब्ल्यू.एस. भवनों के लिए आवासीय भू-उपयोग परिवर्तन हेतु स्वीकृति के साथ ही अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये। दूरसंचार सेवाओं को और अधिक सरल एवं बेहतर बनाने के लिए सिंगल विण्डो सिस्टम के अन्तर्गत प्राधिकरण नक्सा पास होने तथा संरचना निर्माण कार्य सुरक्षात्मक दृष्टि से होने की भी जांच करेंगा। इलैक्ट्रॉनिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए कॉमर्शियल बिल्डिंग्स में इलैक्ट्रॉनिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन को अनिवार्य किया गया है। ग्राम सांडखेड़ा तहसील काशीपुर में आईओसीएल के फिलिंग स्टेशन निर्माण की स्वीकृति, खटीमा-टनकपुर तिराहे से फायबर फैक्ट्री की ओर रोड पर लगी स्ट्रीट लाइटों के अनुरक्षण आदि की स्वीकृति, मोनार्ड इण्डस्ट्रीज के द्वारा ग्राम चकरपुर तहसील बाजपुर में कृषि आधारित उद्योग लगाये जाने हेतु पहुँच मार्ग से सम्बन्धित छूट प्रदान की गई। मण्डल अरयुक्त ने बैठक से पूर्व विकास भवन पहुंचकर शहीद उधम सिंह सभागार में किये गये जीर्णोद्धार का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण हरीश चन्द्र काण्डपाल, संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल, सचिव जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण एनएस नबियाल, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कमिश्नर ने पीएम आवास योजना के कार्यों का किया स्थलीयनिरीक्षण

रूद्रपुर। मण्डलायुक्त ने बागवाला में पीएम आवास योजनान्तर्गत चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि पानी की निकासी हेतु उचित ड्रैनेज सिस्टम बनाया जाये तथा बरसाती पानी न भरे, इसके लिए भी व्यवस्था की जाये। उन्होंने निर्माण कार्य को समयबद्धता एवं गुणवत्ता से पूरा कराने के निर्देश प्राधिकरण के अधिकारियों को दिये। इसके पश्चात मण्डलायुक्त ने गांधी पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि गांधी पार्क का सौन्दर्यीकरण करते हुए पार्क को आकर्षक एवं सुन्दर बनाया जाये।





# जी-20 से रामनगर को मिली नई पहचान: राज्यपाल

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर भ्रमण के दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार और राजस्व उपनिरीक्षक से बैठक कर स्थानीय समस्याओं व चुनौतियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने हाल ही में सम्पन्न जी-20 सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों ने आपसी समन्वय और एक बेहतर टीम भावना से कार्य किया है जो प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा की इन सभी अधिकारियों द्वारा जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं और कार्य किए गए हैं जिसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं। राज्यपाल ने कहा कि



जी-20 के सफल आयोजन ने रामनगर को विश्व पर्यटन मानचित्र में स्थापित किया है इससे यहां की पर्यटन गतिविधियां बढ़ेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जी-20 आयोजन में की गई व्यवस्थाओं व कार्यों को डॉक्यूमेंट किया जाए। उन्होंने कहा जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले अधिकारियों को बधाई और प्रोत्साहन दिया जाना जरूरी है। इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिकारियों से रामनगर में पर्यटन के विस्तार की संभावनाओं के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर,उपजिलाधिकारी गौरव चटवाल, पर्यटन अधिकारी विजेंद्र पांडे, तहसीलदार बी.सी पंत, राजस्व उप निरीक्षक तारा चंद्र घिल्डियाल आदि थे।

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

Created by Universal Document Converter

# ढेला के कछार में तैयार हो रहा रिसोर्ट बड़े खतरे का संकेत

## समारोह के बीच मौत के मुंह में जा सकती है सैकड़ों जिंदगियां

■ मनोज श्रीवास्तव



काशीपुर। ईदगाह के करीब ढेला नदी के छोर पर निर्माणाधीन एक रिसॉर्ट भविष्य के लिए खतरे की ऐसी बड़ी घंटी है जहां बाढ़ के रूप में मौत जब झपट्टा मारेगी तो सैकड़ों जिंदगियां पलक झपकते काल के गाल में चली जाएंगी। भविष्य के इस बड़े खतरे पर यदि अंकुश लगाना है तो इसके लिए प्रशासन को अति शीघ्र मौका मुआयना कर नियम विपरीत चल रहे निर्माण को तत्काल रोकना होगा अन्यथा किसी भी प्रकार की आपदा घटित होने पर इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी। ज्ञातव्य है कि ढेला नदी के किनारे ईदगाह के समीप एक प्रॉपर्टी डीलर द्वारा नियम कायदों को ताक पर रखकर बिल्कुल नदी के छोर पर रिसोर्ट तैयार कराया जा रहा है। सूत्रों की माने तो इस रिसोर्ट का नक्शा पास नहीं है और ना ही भूमि की 143 कराई गई है। ऐसे में नियम विपरीत तरीके से निर्माण कराये जा रहे रिसोर्ट से भविष्य का बड़ा खतरा पैदा हो गया है। प्रतिवर्ष बरसात के दिनों में ढेला नदी बाढ़ का जब विकराल रूप लेती है तो नदी किनारे के दर्जनों गांव मोहल्ले जलभराव की जद में होते हैं इसी तरह सैकड़ों हजारों एकड़ खेती की भूमि प्रतिवर्ष बाढ़ की भेंट चढ़ जाती है। अब जानकारों का कहना है कि बरसात के दिनों में बाढ़ के बीच पानी का वेग बढा तो मुमकिन है रिसोर्ट में आयोजित समारोह में दावत उड़ाने आए सैकड़ों परिवार बाढ़ की भेंट चढ़कर मौत के मुंह में जा सकते हैं। यह कोई बड़ी बात नहीं है क्योंकि प्रतिवर्ष अकेले काशीपुर की बात करें तो ढेला नदी की बाढ़ छोर किनारे रहने वाले हजारों परिवारों को प्रभावित करती है।ढेला नदी के बाढ़ का पानी प्रतिवर्ष रहमत नगर, मधुबन नगर, ढेला बस्ती समेत दर्जनों गांवों को चपेट में लेती है। बाढ़ के कटाव में खेती की भूमि के अलावा लोगों के मकान भी जमींदोज हो जाते हैं।

## दो सौ मीटर के दायरे में निर्माण माना जाएगा अवैध



काशीपुर। तहसीलदार युसूफ अली से जब इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी का सख्त निर्देश है नदी से 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का निर्माण अवैध माना जाएगा। तहसीलदार ने कहा कि प्रकरण गंभीर है वह स्वयं इसकी जांच करेंगे। यदि निर्माणाधीन रिसोर्ट खतरे की जद में है तो इस पर तत्काल एक्शन लिया जाएगा।

## कछारी इलाकों में भी भू माफिया सक्रिय

काशीपुर। सरकार जहां एक और जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए योजनाओं को मूर्त रूप देने में लगी है वही कुछ लोग भ्रष्ट अधिकारियों से सांठगांठ कर नदी नालों के कछार पर ऐसे निर्माण कार्य में लिप्त है जो भविष्य के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकता है। ढेला नदी के किनारे ईदगाह के समीप तैयार हो रहा रिसोर्ट इसी की एक ताजा बानगी है।

## मासिक धर्म स्वच्छता दिवस आयोजित

गदरपुर ( उद संवाददाता )। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन वार्ड नंबर 1 दिनेशपुर मे किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की डॉक्टर रेखा द्वारा मासिक धर्म के दौरान शारीरिक अंगों की साफ–सफाई एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया एवं सेनेटरी नैपकिन की गुणवत्ता के बारे में बताया गया। मासिक धर्म के दौरान साफ सफाई ना रखने से महिलाओं में होने वाली बीमारियों की जानकारियों को भी साझा किया गया । राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डॉ विकास सचान द्वारा एनीमिया के बारे में भी जानकारियां



प्रदान की गई। उपरोक्त कार्यक्रम के अंतर्गत एक मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले किशोरियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी किशोरियों को निशुल सेनेटरी नैपकिन राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम काउंसलर श्रीमती राधा मिगलानी द्वारा उपलब्ध कराए गए। राधा मिग्लानी द्वारा बताया गया कि इस वर्ष भारत सरकार द्वारा कार्यक्रम की थीम 2030 तक महामारी को जीवन का सामान्य तथ्य बनाना है।कार्यक्रम में श्री के एन जोशी फार्मासिस्ट आरबीएसके, आंगनवाड़ी कार्यकर्ती रीता एवं सहायिका सुष्मिता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में उमा विश्वास, मीता, प्रियंका मिस्त्री, अर्चना ,नेहा ,मीनाक्षी, साधना, तनुष्का, महक, आशा ,सोनाली आदि की किशोरिया एवं महिलाएं उपस्थित थे।

## रविन्द्र नगर में सुभाष राय को सौंपी कांग्रेस अध्यक्ष की कमान

रूद्रपुर( उद संवाददाता )। शहर के वार्ड 37 रविन्द्र नगर महानगर कांग्रेस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा और महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने आगामी निकाय चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ मंथन किया और तैयारी में जुटने का आहवान किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने सभी की सहमति से वार्ड अध्यक्ष के लिए सुभाष राय के नाम की घोषणा की। सभी ने नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, पार्षद मोहन खेड़ा, पूर्व सभासद राम किशन कन्नौजिया, पूर्व सभासद फुदेना साहनी, कांग्रेस नेता गोपाल भसीन, शिवपद सरकार का भी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि जब से रविन्द्र नगर वार्ड में भाजपा का पार्षद बना है तब से यहां पर विकास कार्य ठप हो गये हैं। जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब इस वार्ड में स्कूल का निर्माण हुआ दुर्गा पूजा स्थल का सौंदर्यीकरण किया गया साथ ही सड़कों का भी कायाकल्प हुआ आज यहां पर विकास के नाम पर सिर्फ कोरी घोषणाएं हो रही है। भाजपा ने सुभाष पार्क का सौंदर्यीकरण का वायदा किया था लेकिन आज तक यह वायदा भी पूरा नहीं हुआ है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि अब समय आ गया है कि वार्ड की जनता को सोच समझकर अपने वोट का फैसला लेना होगा। उन्होंने सभी से आगामी निकाय चुनाव में कांग्रेस की जीत के लिए जुटने का आहवान किया। जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि रविन्द्र नगर कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था लेकिन भाजपा नेताओं के बहकावे में आकर यहां की जनता आज पछता रही है। इस वार्ड में बाहर के व्यक्ति को पार्षद बनाकर भाजपा ने वार्डवासियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा आज वार्डवासियों को सरकारी राशन तक नहीं मिल पा रहा है। राशन के लिए लोगों को घंटों लाईन में लगने को मजबूर किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि इस बार निकाय चुनाव में वार्ड का पार्षद और मेयर कांग्रेस का बनायें तभी इस वार्ड का भला होगा। वहीं कांग्रेस नेता रामकिशन कन्नौजिया ने वर्तमान पार्षद की तमाम नाकामियां भी गिनायी। कहा कि वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है पार्षद और मेयर लगातार वार्ड की उपेक्षा कर रहे हैं। जिसके चलते इस बार वार्ड की जनता कांग्रेस का पार्षद चुनने का मन बना रही है। पूर्व सभासद फुदेना साहनी ने कहा कि जनता को भाजपा की हकीकत पता चल चुकी है। भाजपा वोट की खातिर लोगों को जाति धर्म के नाम पर लड़ाने का काम कर रही है। भाजपा की इस मानसिकता को लोग पहचान चुके हैं और उसे सबक



सिखाने के लिए तैयार बैठे है। कांग्रेस नेता शिवपद सरकार ने कहा कि नगर निगम में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। गरीबों की बस्तियों में लगने वाले पैसे को बिल्डरों की कालोनियों में लगाया जा रहा है। नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष सुभाष राय ने अपनी नियुक्ति के लिए जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है उस पर पूरी निष्ठा से काम करेंगे। इस अवसर पर सतीश राजपूत, अर्जुन विश्वास ,शिव कुमार विश्वकर्मा, बाबू विश्वकर्मा प्रेम, ईश्वर शर्मा,संतोष कुमार,सुनील कुमार, मानदार सरकार,अर्जुन विश्वकर्मा, बॉबी विश्वकर्मा,परितोष,शिवकुमारी देवी, पूजा रानी,मीना विश्वकर्मा,देवकी, हाजरा,भूरा, द्रोपती देवी, चंद्रा देवी, मुन्नी देवी, संजय, अशोक साह आदि रहे।

## फैक्ट्री से पार्ट्स चोरी के मामले में रपट दर्ज

रूद्रपुर ( उद संवाददाता )। सिडकुल स्थित अशोक लीलैण्ड में पार्ट्स चोरी के मामले में सुरक्षा कर्मी द्वारा तीन लोगों के विरूद्ध रपट दर्ज कराई गई है। दर्ज रपट में गुरदीप पाल सिंह रौतेला पुत्र स्व. बसंत सिंह रौतेला अशोक लीलैण्ड कम्पनी के मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा है कि 30 मई को ड्यूटी के दौरान दोपहर कम्पनी से सूचना प्राप्त हुयी कि कम्पनी में शॉप नम्बर 8 में स्थित स्टोर में से इंजन पार्ट रिवर्स स्विच के दो कार्टन बाक्स चोरी हो गये है और इस चोरी में स्टोर रिसीवर केइ कर्मी राहुल संलिप्त है ।स्टोर रिसीवर राहुल कुमार पुत्र कुलदीप कुमार निवासी काशमपुर गढ़ी जिला बिजनौर से पूछताछ की तो पाया कि राहुल ने 15 मार्च को सेफेक्स ट्रांसपोर्ट कम्पनी की गाड़ी संख्या यूके 06 सीए1108 के ड्राईवर टिंकू सिंह पुत्र स्व. पोशाकी लाल निवासी वार्ड 16 किच्छा के साथ मिलकर रिवर्स स्विच के उक्त दोनो बाक्स चोरी किये हैं,। जिसमें से कुछ पार्ट्स उसने पंकज राय नाम के व्यक्ति को दिये हैं । स्टोर रिसीवर राहुल तथा ड्राईवर टिंकू, पंकज राय के साथ मिलकर काफी समय से कम्पनी में पार्ट की चोरी कर रहे है। कुछ पार्ट्स इनके द्वारा बेच दिये गये है। पुलिस ने रपट दर्ज कर ली है।

## सात दिन बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज

रूद्रपुर ( उद संवाददाता )। पुरानी तहसील के पास एक सप्ताह पूर्व हुई चोरी की घटना की पुलिस ने अब रिपोर्ट दर्ज की है । आशीष वर्मा पुत्र भगवान दास वर्मा निवासी आदर्श कालोनी बंडिया किच्छा ने कहा है कि उसकी दुकान पुरानी तहसील गंगापुर रोड के पास है । जहां फाइनेन्स आदि का काम कर परिवार का भरण पोषण करता है। 23.मई की रात्रि अपनी दुकान बंद करके घर चला गया था । अगले दिन प्रातः 9 बजे दुकान में काम करने वाले कर्मचारी ने फोन कर बताया कि दुकान में चोरी हो गयी है। तभी वह आनन फानन में दुकान पर पहुंचा तथा 100 नम्बर पर पुलिस को सूचना दी। जिस पर थाना ट्रांजिट कैम्प के हैड कॉस्टेबल विपेन्द्र सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया तथा थाने आकर तहरीर देने को कहा गया। दुकान से एक लैपटॉप, एक कम्प्यूटर, एक सीपीयू व 6200 रुपये नगद चोरी हुए है । पुलिस ने रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## शक्तिफार्म कोचिंग क्लास यूनियन में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित

शक्तिफार्म। उत्तराखंड विद्यालय शिक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश जून माह को घोषित कर दिया है। इसको देखते हुए शक्तिफार्म में कोचिंग क्लास यूनियन में 11 जून से 19 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है। कोचिंग यूनियन के समस्त शिक्षकों का कहना है कि छात्र–छात्राओं में सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के अतिरिक्त खेलकूद, सामाजिक क्रियाकलाप व गतिविधि को जानना व सीखना अति आवश्यक है साथ ही सभी बच्चों को अपने अभिभावक के संग समर वेकेशन बिताने व सभी कक्षाओं के सभी विषयों के गृह कार्य पूर्ण करने की सलाह दी है। शक्तिफार्म क्षेत्र एक दशक पूर्व की तुलना में वर्तमान समय में क्षेत्र के बच्चों में एवं अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बड़ी है। शिक्षा के माध्यम से समस्त शिक्षकों ने एक बेहतर समाज निर्माण करने को अटल निर्णय लिया है।

## सत्संग समागम में संगत हुई निहाल

रूद्रपुर। प्रमुख समाज सेवी सरदार सुखविन्दर सिंह खरबन्दा के निवास पर एक धार्मिक सत्संग समागम का आयोजन हुआ जिसमें अमृत प्रचार संगत के भाई जगजीत सिंह, भाई सहज पालसिंह ज्ञानी गुज्जर सिंह जी ने सामूहिक रूप से गुरू की महिमा का गुणगान किया। शबद कीर्तन व कथा सुनाई गई। भाई जगजीत सिंह ने बड़े अच्छे तरीके से गुरू की महिमा का गुणगान किया व संगत को निहाल कर दिया इस अवसर पर तजिन्दर सिंह खरबन्दा, जसविन्दर सिंह खरबन्दा,नरेश कुमार सेठ, हरवीर सिंह, बलवीर सिंह कामरा महेन्द्र सिंह सिक्का, इन्दर जीत सिंह, हरि सिंह ग्रोवर, हरजीत सिंह ग्रोवर,जोगेन्द्र सिंह मोगा, हरविन्दर सिंह ग्रोवर व स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी परमजीत कौर पम्मी व अन्य संगत उपस्थित रही। अरदास के बाद लंगर बांटा गया व अंत में तजेन्द्रर सिंह खरवन्दा ने आई हुई सरी संगत का धन्यवाद किया।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 4जून को

हल्द्वानी ( उद संवाददाता )। 4जून दिन रविवार को पीलीकोठी, कालाढूंगी रोड पर स्थित जीवन ज्योति मेडिकल स्टोर में प्रातः 9.30 बजे से 12.30 बजे तक नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन प्रो. ( डॉ. ) विनय खुल्लर मेडिकल सुप्रीडेंट द्वारा आयोजित किया जायेगा। जिसमे शूगर,ब्लड प्रेशर, त्वचा रोग, पेट के रोग, अस्थमा, मोटापा आदि रोगों के उपचार के लिए परामर्श दिया जायेगा। शिविर में शूगर, एचबीए 1सी की नि:शुल्क जाँच व मशीन द्वारा नसो ( न्यूरोपैथी ) जाँच की जायेगी।

## होटल में हजारों का बिल देखकर युवकों ने खुद को बताया एसओजी जवान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर में एक दिलचस्प मामला सामने आया है। जिसे सुन पुलिस के भी होश उड़ गये। घटना रामपुर रोड स्थित एक होटल से जुड़ी है। जहां काठगोदाम निवासी दो युवक पहुंचे। वहां बार में दोनों ने जमकर शराब पी और चिकन भी खाया। फिर क्या था थोड़ी देर में बिल सामने आया तो दोनों हेकड़ी जमाने लगे और खुद को एसओजी का जवान बताकर हंगामा काटने लगे। ऐसे में बार में हंगामे की सूचना रेस्टोरेंट मालिक ने 100 नंबर पर दी। फिर क्या था नकली एसओजी के सामने असली एसओजी खड़ी हो गई। दोनों शराबारियों का नशा रफूचक्कर हो गया, जिसके बाद पुलिस उन्हें चौकी ले आयी। बताया जाता है गत दोपहर काठगोदाम निवासी दो दोस्त रामपुर रोड स्थित एक बार में पहुंचे थे। जहां दोनों ने खूब शराब पी और जमकर चिकन भी खाया। जब उनके टेबल पर 3300 रुपये का बिल आया तो उनकी हवा खराब हो गई। ऐसे में दोनों बिल का भुगतान देने के स्थान पर हंगामा करने लगे। इसके बाद उन्होंने बिल देने से साफ इंकार कर दिया और खुद को एसओजी का जवान बताने लगे। मौके पर हंगामा होता देख बार मैंनेजर ने एसओजी अधिकारी को फोन मिला दिया। अधिकारी ने बताया कि इस तरह के कोई जवान उनकी टीम में नहीं है। इसके बाद असली एसओजी मौके पहुंची तो सिपाही को सामने देखकर दोनों का नशा उतर गया। जिसके बाद पुलिस दोनों को चौकी ले आयी। दोनों युवक काठगोदाम के रहने वाले है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आवास विकास से बाईक चोरी

रूद्रपुर ( उद संवाददाता )। अज्ञात वाहन चोरों ने आवास विकास में कार शेरूम के बाहर खड़ी मोटरसाईकिल चोरी कर ली घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सौरभ बजाज पुत्र जोगिन्दर लाल बजाज निवासी वार्ड 34, इन्द्रा कालोनी, ने कहा है कि उसने अपनी मोटरसाकिल संख्या यूके 06 एसी 2901 को 24 मई को पाल निशान शोरूम के सामने आवास विकास के आगे खड़ा किया और अपने आफिस के कार्य करने चला गया। ऑफिस का काम खत्म करके शाम बापस आया तो उसकी बाईक अपने स्थान पर नही है। जिसे किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया गया है।

Created by Universal Document Converter

# मित्र पुलिस 'निष्क्रिय' मनचले और नशेड़ी 'सक्रिय'

## पुलिस सक्रियता में शिथिलता के चलते असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद, मनचलों एवं नशेड़ियों का अड्डा बनी लस्सी की ठेली, छात्राओं को करना पड़ रहा है अश्लील छींटाकशी का सामना

■ अर्श

रूद्रपुर। शहर में आजकल दिन के समय पुलिस की वैसी सक्रियता नहीं देखने को मिल रही।जितनी कुछ अरसा पहले देखने में आया करती थी। रुद्रपुर में कभी पुलिस विभाग के सिपाहियों की एक संयुक्त टीम, जिसमें महिला एवं पुरुष दोनों ही पुलिसकर्मी सम्मिलित रहा करते थे, नगर के विभिन्न बालिका इंटर कॉलेजों तथा अन्य शिक्षण संस्थाओं के आसपास, स्कूल में शिक्षण कार्य आरंभ होने एवं छुट्टी होने के समय विशेष गश्त किया करती थी। इतना ही नहीं रुद्रपुर में ऐसे संवेदनशील पुलिस कप्तान भी आए ,जिन्होंने बालिका इंटर कॉलेजों के आसपास सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा कर मनचलों को सबक भी सिखाया। पर इन दिनों ना जाने क्यों ? इस दिशा में मित्र पुलिस की पहले जैसी सक्रियता नहीं देखने को मिल रही है। पर्याप्त पुलिस सक्रियता के अभाव के चलते शहर में इन दिनों मनचलों एवं नशाखोरो के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह आने जाने वाली बालिकाओं ,युवतियों एवं महिलाओं पर न केवल छींटाकशी कर रहे हैं बल्कि पीड़िताओ के परिजनों द्वारा विरोध किए जाने पर उनके साथ अभद्रता एवं मारपीट तक कर रहे हैं। देखने में आया है कि छात्राओं के स्कूल ,कॉलेज एवं ट्यूशन क्लास आने जाने की समय शहर के विभिन्न इलाकों में स्थित पान -सिगरेट की गुमटिओं तथा खान-पान की ठेलियो वअन्य छोटी-मोटी दुकानों पर सड़क छाप आशिकों का जमवाड़ा लग जाता है। बताने की जरूरत नहीं कि मजनू टाइप के उक्त आशिक आने- जाने वाली छात्राओं के लिए अनेक असहज कर देने वाली परिस्थितियां तकरीबन रोजाना पैदा करते हैं। मसलन उनका पीछा करना, आते-जाते समय घूरना, अश्लील इशारे व टिप्पणियां करना एवं भीड़- भाड़ का फायदा उठाकर छात्राओं को गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करना आदि। मनचलो एवं नशेड़ियों का ऐसा ही जमवाड़ा आजकल परशुराम चौक से कंचन तारा होटल की ओर जाने वाली सड़क पर सहज ही देखा जा सकता है। ज्ञात हुआ है कि मनकामेश्वर मंदिर द्वार के सामने लगने वाली एक लस्सी की ठेली के आसपास मनचलों की भीड़ हर समय लगी रहती है और यह मनचले मौका ताड़ कर आने-जाने वाली छात्राओं, युवतियों एवं कामकाजी महिलाओं के साथ विभिन्न तरीके से छेड़छाड़ तो करते ही हैं, साथ ही विरोध करने पर बदतमीजी एवं मारपीट पर भी आमादा हो जाते हैं। इस मार्ग पर छेड़छाड़ का शिकार हो चुकी पीड़िताओ ने श्उत्तरांचल दर्पणश को बताया कि कभी यह मनचले ठेली के सामने सड़क पर खड़े रहते हैं, तो कभी ठेली की परली तरफ रखी बेंचो पर बैठे रहते हैं।इनमें से कुछ ने तो ठेलीवाले से दोस्ती भी गांठ रखी है और वह सारा दिन वहीं बैठे आने जाने वाली लड़कियों महिलाओं को घूरते और भद्दे कमेंट करते रहते हैं। लस्सी की ठेली पर जमा होने वाले इन मनचलों के आतंक के कारण कुछ छात्राओं ने तो अपने आने- जाने का रास्ता तक बदल दिया है। ऐसा नहीं है कि उक्त स्थान पर केवल मनचले ही जमा होते हैं ,बल्कि देखा जा रहा है कि रात आठ बजे के बाद अंधेरा होने पर, नशा करने वालों एक गुटभी वहां अक्सर मौजूद रहता है जोकि देर रात तक वही मंडराता रहता है।बताना होगा की इसी मार्ग पर शहर के बड़े विद्यालयों में शुमार होने वाला एक विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर भी है और इसी मार्ग पर रुद्रपुर विध ायक कार्यालय भी है। सरस्वती विद्या मंदिर की छुट्टी के समय तो इस मार्ग के ट्रैफिक का यह हाल हो जाता है कि पैदल चलना तक मुहाल रहता है। ऊपर से उसी समय चार पहिया वाहनों की भीड़ समस्या को और भी गंभीर कर देती है।





मनकामेश्वर मंदिर द्वार के पास लगने वाली लस्सी की ठेली पर अजीब-अजीब तरह के लड़के खड़े रहते हैं और आने- जाने वाली लड़कियों पर छींटाकशी करते हैं। कभी-कभी तो वे हमें ऐसी बात कह देते हैं कि हम सर तक नहीं उठा पाते।



-प्रमिला मंडल

मैं मेन मार्केट में एक मोबाइल की दुकान में रिसेप्शनिस्ट की नौकरी करती हूं। कभी-कभी मुझे घर लौटने में देर हो जाती है।रात आठ बजे के बाद परशुराम चौक स्थित मनकामेश्वर मंदिर द्वार के आसपास घुप अंधेरा-सा हो जाता है। यहां अंधेरे में कई आवारा टाइप के लड़के खड़े रहते हैं। कुछ दिन पहले एक लड़के ने मेरा हाथ पकड़कर मुझे जबरदस्ती गिफ्ट का पैकेट देने की कोशिश की थी।इस घटना के बाद मैं बुरी तरह डर गई।अब मैं डीडी चौक होकर आती जाती हूं।



-विशाखा शर्मा

सप्ताह भर पहले मैं तकरीबन 9 : 3 0 अपनी पत्नी के साथ बाजार से लौट रहा था। जब हम मनकामेश्वर मंदिर द्वार के पास से निकले तो लस्सी की ठेली में नशे में धुत कुछ युवक खड़े थे। उन्होंने मेरी पत्नी पर आपत्तिजनक कमेंट किए।मैंने विरोध किया तो मारपीट पर आमादा हो गए। मैं किसी तरह बच बचाके घर चला गया। मनकामेश्वर मंदिर द्वार पर रात के समय बहुत अंधेरा रहता है। अगर वहां लाइट की व्यवस्था करा दी जाती तो अच्छा होता।



-अर्जुन हालदार

शाम के समय मेरी ट्यूशन क्लास रहती है।मुझे मेगा मार्ट की तरफ से जाना पड़ता है। मनकामेश्वर मंदिर द्वार के पास की दुकानों में एक लड़का रोज मेरा इंतजार करता रहता है। वह मेरा पीछा करता है और मुझसे रास्ते में बात करने की कोशिश करता है मुझे आते जाते डर लगता है। कुछ समझ नहीं आता कि क्या करूं?



-रूपा गुप्ता

ऐसे भीड़भाड़ के समय मनचलों के लिए छात्राओं को शिकार बना लेना बड़ा ही आसान होता है।आश्चर्य की बात तो यह है कि ऐसे भीड़ भाड़ वाले रास्ते में ट्रैफिक पुलिस की कहीं कोई मौजूदगी नहीं रहती। कुछ माह पूर्व तक परशुराम चौक में ट्रैफिक पुलिस के जवान कभी-कभार अवश्य मौजूद रहा करते थे, पर इन दिनों उनके भी दर्शन नहीं होते।रही बात सीपीयू के जवानों की, तो परशुराम चौक का कट बंद होने के बाद अब उन्हें इस क्षेत्र में चालान के केस मिलने की संभावना कम रहती है, इसलिए उनके फेरे भी इस तरफ सामान्यतया अब कम ही लगते हैं।हालांकि पहले भी सीपीयू के जवान और परशुराम चौक पर यदा-कदा तैनात रहने वाले ट्रैफिक पुलिस के जवान, जनसामान्य के भीतर सुरक्षा की भावना पैदा करने किस दिशा में कुछ खास नहीं करते थे ,पर इतना तो था ही कि जवानों की मौजूदगी से असामाजिक तत्वों को एक मनोवैज्ञानिक खौफ तो रहता ही था। मगर इन दिनों तो इनकी मौज ही मौज है और यह बेखौफ होकर अपनी कुत्सितमंशाओं को पूरा कर रहे हैं। क्या किशोरी?क्या युवतियां और क्या कामकाजी महिलाएं? सभी इन मनचलों एवं नशाखोरों की बदतमीजी बर्दाश्त करने को विवश है। भले ही इन दिनों स्कूलों के ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहे हो ,पर छात्राओं को ट्यूशन क्लासेस एवं कामकाजी महिलाओं को काम पर तो जाना ही है और अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए परशुराम चौक आना इनकी मजबूरी है, क्योंकि मेन मार्केट एवं सिडकुल पहुंचने के लिए ई-रिक्शा ऑटो आदि, सामान्यतया विशाल मेगा मार्ट के सामने ही आसानी से उपलब्ध होते पाते हैं।तात्पर्य यह है कि जब तक पुलिस महकमा ऐसे भीड़ भाड़ वाले मार्गों पर अपनी सक्रिय उपस्थिति नहीं दर्ज कराएगा, तब तक ऐसी छेड़छाड़ एवं लज्जास्पद हरकतों को बर्दाश्त करना 'रुद्रपुर की बेटियों' की मजबूरी है।

# संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने केन्द्र सरकार का पुतला फूंका

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। संयुक्त श्रमिक मोर्चा के बैनर तले आंदोलनरत महिला पहलवानों के दमन-उत्पीड़न के विरोध में सभा का आयोजन व मोदी सरकार का पुतला दहन अंबेडकर पार्क में किया। इस दौरान हुई सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार को शर्म आनी चाहिए कि वे लोकतंत्र के मन्दिर के उद्घाटन के अवसर पर यौन उत्पीड़न के आरोपी के साथ 28 मई को संसद के अंदर जश्न मनाते है, लोकतंत्र की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं लेकिन संसद से कुछ दूरी पर बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रही महिला पहलवानों और उनके सहयोगियों का दमन उत्पीड़न करवाते हैं ,पुलिस से पीटवाते हैं और उनका धरना स्थल को तबाह कर देते हैं। वहीं दूसरी ओर बृजभूषण और भाजपा कि आई टी सेल के लोग महिला पहलवानों का चरित्र हनन करने के उद्देश्य से तमाम तरीके की विवादास्पद तस्वीरें जारी करते हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद पोक्सो एक्ट में ब्रजभूषण के खिलाफ हुई एफ आई आर के बावजूद ब्रज भूषण की गिरफ्तारी ना होने से साफ है कि मोदी सरकार अपने सांसद को बचा रही है। मोदी राज में भाजपा अपने आरोपी विधायकों व सांसदों को बचाने का काम करती हुई आई है। कुलदीप सेंगर और बृजभूषण के मामले में यह स्पष्ट हो चुका है। यदि जल्दी ही बृजभूषण सिंह को गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 5 जून को भी संयुक्त श्रमिक मोर्चा प्रदर्शन करेगा। सभा का संचालन संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने किया। सभा को तराई किसान संगठन के अध्यक्ष तजेंद्र सिंह विर्क,भाकपा माले के जिला सचिव ललित मटियाली , मजदूर सहयोग केंद्र के मुकुल, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र से रविंदर कौर, भाकपा से राजेंद्र गुप्ता, इंकलाबी मजदूर केंद्र से विशाल पटेल, इकरार के मजदूर संगठन से वीरेंद्र कुमार, नेस्ले कर्मचारी संगठन से महेंद्र, रॉकेट रिद्धि-सिद्धि कर्मचारी संघ से कनक सिंह, ऐक्टू से अरविंद वमा ने संबोधित किया। सभा में ऐपवा की दीपिका भारती, नरेश कुमार, ललित सिंह ,अजीत गंगवार ,लक्ष्मण सिंह, राकेश कुमार आदि श्रमिक उपस्थित थे।




# हज यात्रियों का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के उत्तराखण्ड प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने हल्द्वानी, नैनीताल,अलमोड़ा से हज यात्रा पर जाने वाले अधिकांश हाजियों से मुलाकघत कर उन सबको दिली मुबारकबाद पेश की एवं फूल मालाओं से उनका स्वागत भी किया । श्री सिद्दीकघी ने उन लोगों से हज के मोके परअपने मुल्क की खघुशहाली व अमन शान्ति की दुआऐं करने की भी गुजारिश की। श्री सिद्दीकघी के साथ अलीम अंसारी, इस्लाम मिकरानी, उमैर मतीन, जावेद अहमद, रेहान मलिक, सलीम सैफी, जमील मिकरानी, शाकिर हुसैन, गौरव शाह, अजय गुप्ता अज्जू आदि शामिल रहे।



# दुर्गा मंदिर में मीना को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा बृहस्पतिवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ट्रांजिट कैंप की आजाद नगर बस्ती में पहुंची । जहां उन्होंने दुर्गा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। बाद में श्रीमती शर्मा ने सैकड़ों लोगों और राहगीरों को अपने हाथ से मीठा शरबत वितरित किया। इससे पूर्व दुर्गा मंदिर पहुंचने पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष लाला पूरन, सुदर्शन शर्मा और महिला समिति की दर्जनों महिलाओं ने श्रीमती शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कहा कि वह दुर्गा मंदिर के विकास और उसके सौंदर्यीकरण के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, अरविंद सक्सेना, श्रीमती सपना शर्मा, सुमन सक्सेना, तारावती, ममता, सरोज, कुंती, किरण, पुष्कर, मनोज, सियाराम, दौलत राम, पंकज सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



# तेरह दिवसीय गुरमति ज्ञान समर कैम्प का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा, गोल मार्केट में आज से गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित तेरह दिवसीय गुरमति ज्ञान समर कैम्प का शुभारम्भ किया गया। जिसमें कक्षा दो से आठवीं तक के करीब 200 बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। कैम्प में भाई दर्शन सिंह, गुरजीत सिंह, परमजीत सिंह, अमरजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, कंवलजीत कौर, हरप्रीत कौर, कमलजीत कौर, मनमीत कौर, तलविन्दर कौर, सुरेखा छावड़ा तथा एकता बठला द्वारा बच्चों को सिख धर्म के गुरू साहिबान की जीवनी, शहीदों का इतिहास, पंजाबी व गुरमुखी भाषा लिखना एवं बोलना, सिख धर्म के मुगले सिद्धांत सहित कई महत्वपूर्ण बातों का ज्ञान कराया जा रहा है। कैम्प में बच्चों को दस्तार सजानी भी सिखाई जा रही है। कैम्प में शामिल बच्चों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। प्रबंधक कमेटी ने बताया कि बच्चों के विद्यालय अवकाश के दौरान उन्हें सिख धर्म के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए पिछले कई वर्षों से ऐसे कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। आगामी 13 जून को समापन दिवस पर बच्चों का दस्तार कम्पटीशन का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान जसपाल सिंह भट्टी, सेकेट्री मनजीत सिंह मक्कड़, मीत प्रधान सतनाम सिंह हुंडल, प्रीतम सिंह चावला, मीत सेकेट्री परविन्दर सिंह पम्मा, मेडिकल इंचार्ज गुरमीत सिंह बठला, पूर्व प्रधान सुरमुख सिंह विर्क, कैशियर हरविन्दर सिंह, गुरूद्वारा प्रबंधक कुलवंत सिंह, लंगर सेवक किशनपाल चौधरी आदि मौजूद थे।




## जियो हजारों साल



**अक्षत खन्ना**

के जन्म दिन पर खन्ना परिवार एवं उत्तरांचल दर्पण की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं


Created by Universal Document Converter

# संस्कार भारती की नई कार्यकारिणी गठित

## कुशल अग्रवाल,अध्यक्ष शैली बंसल महामंत्री श्याम मोहन कोषाध्यक्ष बने

रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। संस्कार भारती रुद्रपुर महानगर की साधारण सभा और कार्यकारणी की घोषणा प्रदेश महामंत्री पंकज अग्रवाल ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ मां भारती के सम्मुख अतिथि कार्यकारी अध्यक्ष डा0 गिरीश शर्मा,प्रदेश महामंत्री पंकज अग्रवाल,प्रदेश मंत्री विमल मेहरा,प्रदेश कोषाध्यक्ष अभिषेक अभिषेक पाठक प्रदेश संपर्क प्रमुख युगराज रघुवंशी तथा महानगर अध्यक्ष कुशल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रचलित किया दीप प्रज्वलित करके किया। ध्येय गीत संस्था की महामंत्री शैली बंसल के द्वारा प्रारंभ किया गया उसके बाद महामंत्री शैली बंसल ने गत वर्ष के कार्यक्रम के आय व्यय का ब्योरा सदन के सम्मुख रखा। शेष महानगर कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश महामंत्री पंकज अग्रवाल ने की। जिसमें उपाध्यक्ष विमला रानी और हरवीर चौधरी ,सह महामंत्री रवि अग्रवाल और कृष्णा शर्मा ऑडिटर चंद्रपाल सिंह चौहान, मातृ शक्ति संयोजक दीपा जोशी, सह मातृ शक्ति संयोजक शालिनी गोयल, मंत्री संगठन नीरज अग्रवाल, कला संयोजक ज्योति चौहान, नृत्य विद्या संयोजक दीप्ति ,संगीत विधा संयोजक सुजीत नारंग ,लोक कला संयोजक अंशुल टंडन, साहित्य विधा संयोजक मोती प्रसाद साहू ,नाट्य विधा संयोजक मनीष खनिजो ,इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी संजय ठुकराल, प्रिंट मीडिया प्रभारी अशोक सागर तथा मार्गदर्शन ताराचंद अग्रवाल और कमलेश बिष्ट के नाम की घोषणा की। संरक्षक मंडल में राजेश श्यामपुरिया ,पवन अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राज कुमार बिंदल ,सुषमा अग्रवाल, अशोक मित्तल, चौधरी विनोद फोगाट, अरुण अग्रवाल और अलका बिश्नोई के नाम की घोषणा की गई ।कार्यक्रम में विभिन्न सदस्यों पूर्व कोषाध्यक्ष नरेंद्र बंसल, प्रमोद मित्तल, राजेश ग्रोवर, मिढई लाल, अरविंद चौहान, अजय बंसल आरती सिंघल,निर्मल गुप्ता, योगेंद्र कुमार, मनदीप गुगलानी संदीप गुगलानी,गौरव सिंघल, कृतिका अरोड़ा, सुनील शुक्ला आदि अनेक सदस्यों ने सहभाग किया। संस्कार भारती के महत्व पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डा. गिरीश शर्मा ने प्रकाश डाला। कोष के संबंध में प्रांत कोषाध्यक्ष अभिषेक पाठक ने विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शैली बंसल ने किया। अंत में महानगर अध्यक्ष कुशल अग्रवाल ने प्रदेश के समस्त पदाधिकारी,अतिथियों, नवीन कार्यकारी के समस्त पदाधिकारी और सदस्यों को धन्यवाद प्रेषित किया और संस्कार भारती के कार्यों को और अधिक गति प्रदान करने का आश्वासन दिया। वंदे मातरम से कार्यक्रम का समापन हुआ।







# मुस्कान मानव मुख पर सौभाग्य का प्रतीक: हरि चैतन्यपुरी

जसपुर ( उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एवं संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहां उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा मुस्कुराते रहना चाहिए क्योंकि अन्यान्य प्रार्थनाओं की अपेक्षा इससे आप स्वयं को परमात्मा के अधिक करीब अनुभव करेंगे। मानव के मुख पर मुस्कान सौभाग्य का चिन्ह है। हंसना मनुष्य की स्वाभाविक क्रिया हैं विधाता की सृष्टि का कोई दूसरा प्राणी हंसता हुआ दिखाई नहीं देता। मुस्कुराते व्यक्ति के पास क्रोध, ईर्ष्या , प्रति हिंसा नहीं आ सकती। यह प्रसन्नता तुम्हारे जीवन को उच्च बनायेगी। मुस्कान के बल पर जो तुम चाहो पा सकते हो। उन्होंने कहा कि यदि सदैव प्रसन्न रहना व मुस्कुराते रहना कोई साधारण बात नहीं क्योंकि कभी मान है, कभी अपमान है, कभी सुख है तो कभी दुख, कभी हानि है तो तभी लाभ, कभी जीवन है तो कभी मृत्यु, कभी यश है तो कभी अपयश, कभी अनुकूल है तो कभी प्रतिकूल इत्यादि जीवन में घटित विभिन्न घटनाओं का यदि विचारपूर्वक मंथन किया जाए तो सदैव अमृत ही नहीं मिला होगा कितनी बार विष के घूंट भी पीने पड़ते हैं। इस प्रकार की परस्पर विरोध ी परिस्थितियों मे सभी के लिए इतना सहज नहीं कि सदैव प्रसन्न रहें सके फिर भी प्रयास करें एवं प्रभु से प्रार्थना करते रहें कि हमें उनके कृपा मात्र बन सके एवं सदैव प्रसन्न व मुस्कुराते रहें। उन्होंने परिवार, नगर, राष्ट्रवाद व समाज में आपस में मिल जुलकर प्रेम,एकता व सद्भाव को बनाए रखने व बढ़ावा देने पर बल दिया। अपने धारा प्रवाह प्रवचनो से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध व भाव विभोर कर दिया।



# सामूहिक विवाह समारोह में सभी करें भागीदारी: ठुकराल



रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। सद्गुरु कबीर साहेब के प्रकट दिवस आगामी 4 जून को कोली समाज द्वारा आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सभी को भाग ले कर अपना सहयोग प्रदान करना चाहिए। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि समारोह में चार नव दम्पत्ति परिणय सूत्र में बंधेगें। उन्होंने कहा कि संत कबीर के दोहे समाज में आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने बताया कार्यक्रम के तहत आगामी 4 जून दिन रविवार को प्रातः कोतवाली के सामने संत कबीर मंदिर से बारात प्रारम्भ होगी जो रम्पुरा के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरती हुई आयोजन स्थल श्री दुर्गा मंदिर, रम्पुरा पहुंचेगी। जहां महिलाओं द्वारा चारों वरों व बारात का हिंदू रीति रिवाज के साथ स्वागत किया जायेगां। उन्होंने बताया कि मंदिर में सभी वैवाहिक कार्यक्रम कराये जायेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य होंगे। श्री ठुकराल ने सभी नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस वैवाहिक कार्यक्र में शामिल होकर सामर्थ्य के अनुसार वधू को उपहार तथा अपना आर्शीवाद दें। वार्ता के दौरान कार्यक्रम आयोजक हिम्मत राम कोली, कोमिल राम कोली, योगराज, नत्थूलाल कोली, संजय ठुकराल, संजीव गुप्ता व चन्द्रपाल कोली आदि मौजूद थे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के साथ साथ सदगुरु कबीर साहेब की प्रतिमा पर प्रातः 8से संत कबीर साहेब की चौका आरती एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा तत्पश्चात नव दंपतियों को बाहर से आए संतों द्वारा नाम दान भी दिया जाएगा।

# शिकायत गंभीरता से न सुनने पर आईजी ने की कार्रवाई



हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र डॉ. नीलेश आनन्द भरणे ने शिकायतकर्ता की शिकायत को गम्भीरतापूर्वक न सुनने पर चौकी प्रभारी मनोज कुमार चौकी खेडा, थाना काठगोदाम के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें चौकी से हटाकर पुलिस कार्यालय सम्बद्ध कर दिया है। बताया जाता है रूपराज पुत्र स्व. गंगाराम निवासी ग्राम बागजाला पोस्ट कुँवरपुर गौलापार द्वारा जनता दरबार में पुलिस महानिरीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर बताया गया था कि उसका विपक्षी मोहन चन्द्र पड़लिया पुत्र केशव दत्त पड़लिया निवासी देवला मल्ला गौलापार से सवा दो बीघा भूमि का सौंदा 9.50 लाख रुपए में हुआ था। जिसका भुगतान उसने नगद व चौक के माध्यम से किया। अब मोहन चन्द्र पड़लिया द्वारा जमीन देने के इन्कार किया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में उसने पुलिस चौकी खेड़ा पर जाकर शिकायत की। लेकिन चौकी प्रभारी द्वारा इस प्रकरण को निष्पक्षतापूर्वक न सुनकर शिकायतकर्ता के प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं की तथा उच्च अधिकारी द्वारा निर्गत किये गये आदेशों का पालन न कर प्रार्थना पत्र की जाँच कर प्रकरण का निस्तारण गुण- दोष के आधार पर नहीं किया गया। उक्त संबन्ध में उप निरीक्षक मनोज कुमार चौकी प्रभारी खेड़ा का यह कृत्य आदेशों की अवहेलना माना गया। इनके द्वारा आवेदक की समस्या को सुनकर निष्पक्षतापूर्वक कार्यवाही की जानी चाहिए थी लेकिन इनके द्वारा ऐसा नहीं किया गया। अतः आईजी ने उप निरीक्षक मनोज कुमार को उनके उक्त कृत्य के लिए तत्काल पुलिस कार्यालय सम्बद्ध किये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को आदेशित करते हुए अनुपान करने के निर्देश दिये। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि यदि शिकायतकर्ता, फरियादी या पीडित के प्रार्थना पत्रों को गम्भीरता नहीं लिया गया तो सम्बन्धित थानाध्यक्ष चौकी प्रभारी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।




Created by Universal Document Converter

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आत्महत्याओं का आंकड़ा चिंताजनक

दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं, लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। लोगों में अवसाद निरंतर बढ़ रहा है, जिसके चलते कुछ लोग आत्महत्या जैसा हृदय विदारक कदम उठा बैठते हैं। जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। देश के प्रमुख कोचिंग केंद्र बने राजस्थान के कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर अत्यधिक मानसिक दबाव के कारण जब-तब विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं सामने आती रहती हैं। अब आइआइटी जैसे भारत के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थानों और कुछ अन्य प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों में भी विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामले समाज को झकझोरने लगे हैं। कोटा में आठ से 25 मई के बीच ही चार छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की खबरें सामने आईं। पिछले दिनों सीबीएसई की बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आने पर केवल दिल्ली में ही तीन छात्रों की आत्महत्या की खबर भी स्तब्ध करने वाली थी। ये तीन ऐसे मामले हैं, जो देश की राजधानी से मीडिया की सुर्खियों में आए। लेकिन ऐसे न जाने कितने ही मामले देश के दूरदराज के इलाकों में घटित होते रहते हैं, लेकिन वे मीडिया की सुर्खियां नहीं बन पाने के कारण लोगों की नजरों में नहीं आ पाते। चिंताजनक स्थिति यह बनती जा रही है कि परीक्षाओं के दौरान प्रश्नपत्र सही से हल नहीं कर पाने और कई बार परीक्षा की समुचित तैयारी नहीं होने पर भी कुछ मामलों में अब कुछ विद्यार्थी हताश होकर जान देने लगे हैं। दसवीं या बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम हों या फिर मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षाएं, ऐसी परीक्षाओं में सफल नहीं होने के कारण कुछ छात्र अब आत्महत्या जैसा हृदय विदारक कदम उठाने लगे हैं। युवाओं में आत्महत्या की यह बढ़ती प्रवृत्ति अब सभी को गंभीर चिंतन-मनन के लिए विवश करने के लिए पर्याप्त है। विद्यार्थियों की आत्महत्या के आंकड़ों पर नजर डालें तो बहुत चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आती है। राज्यसभा में दी गई एक जानकारी के अनुसार 2018 से 2023 के बीच पांच वर्षों की अवधि में आइआइटी, एनआइटी, आइआइएम जैसे देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में ही इकसठ छात्रों ने आत्महत्या की, जिनमें तैंतीस छात्र आइआइटी के थे। देश के युवा वर्ग और खासकर अठारह वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। शिक्षा और करिअर में गलाकाट प्रतिस्पर्धा और माता-पिता और शिक्षकों की बढ़ती अपेक्षाओं के चलते विद्यार्थियों पर पढ़ाई का बढ़ता अनावश्यक दबाव इसका सबसे बड़ा कारण है, जिसने उनके समक्ष विकट स्थिति पैदा कर दी है। कई बच्चे इस दबाव को झेल नहीं पाते, जिसके चलते उनमें अवसाद पनपता है।

# जेपीएल के फाइनल में जेसीज ने लहराया परचम




रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। जेसीज प्रीमियर लीग के पाँचवे संस्करण के अंतर्गत जेसीज स्कूल रूद्रपुर तथा नोजगे पब्लिक स्कूल खटीमा के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें जेसीज ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभागी टीम नोजागे पब्लिक स्कूल खटीमा को 6 विकेट से हराकर विजेता ट्रॉफी हासिल की। मुख्य अतिथि जय हिंद ऑटोटेक के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री तेजराम बघेल ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। जे. पी. एस. ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जेपीएस ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए नोजगे टीम को 93 रनों पर ऑल आउट कर दिया। अब जीत हासिल करने के लिए जेपीएस के सामने 94 रनों का लक्ष्य था। लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने बेहतरीन प्रदर्शन के साथ जे.पी.एस टीम ने 6 विकेट के साथ शानदार जीत हासिल की। मैन आफ मैच का खिताब गौरव यादव को दिया गया।जेसीज प्रीमियर लीग में मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जीवांश को व श्रेष्ठ बल्लेबाज आदित्य तिवारी को तथा इसी श्रृंखला में श्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार भी जीवांश को दिया गया।श्रेष्ठ विकेट कीपर की ट्रॉफी अभिषेक कुमार तथा श्रेष्ठ नवोदित खिलाड़ी की ट्रॉफी पार्थ सिंह को प्रदान की गई । इस जेसीज प्रीमियर लीग में उधम सिंह नगर तथा नैनीताल जनपद की लगभग 22 से भी अधिक टीमों ने प्रतिभा किया। जिसमें जेसीज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर और होली चाइल्ड स्कूल रुद्रपुर तथा तथा नोजगे पब्लिक स्कूल खटीमा लालपुर पब्लिक स्कूल के बीच सेमीफाइनल मैच खेले गए जिसमें जेसीज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर तथा नोजगे पब्लिक स्कूल खटीमा में जीत हासिल कर फाइनल के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया। 10 दिन तक चलने वाली इस क्रिकेट स्पर्धा में सभी टीमों ने अपना बेहतर प्रदर्शन कर खेल प्रतियोगिता का परिचय दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विजेता और उप विजेता टीम को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओ से विद्यार्थियों में ऊर्जा तथा सहयोग की भावना विकसित होती है।उन्होंने फिजिकल एजुकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष एन. एस. रावत और खेल प्रशिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने विजेता और उप विजेता टीमो को बधाई देते हुए भविष्य में उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभ कामनाएँ प्रदान की। इस अवसर पर जूनियर तथा सीनियर वर्ग के कोऑर्डिनेटर, खेल प्रशिक्षकों समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# कानून की पकड़ से दूर है कच्ची शराब के कारोबारी

काशीपुर। टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र में लाल कुआं की ओर जाने वाली रेलवे फाटक के पास खोखा रखकर दुकान चलाने के नाम पर अवैध कच्ची शराब का बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि कारोबारी को वर्दी का संरक्षण है। ज्ञातव्य है कि शुगर फैक्ट्री गेट के समीप एक युवक खोखा रखकर धड़ल्ले से अवैध कच्ची शराब की बिक्री में लिप्त बताया जा रहा है। बताते है कि कच्ची शराब का जखीरा व आसपास भांग के झाड़ियों में छुपा कर रखता है। इस कारोबारी के पास कनकपुर छोटी बरखेड़ी बड़ी बरखेड़ी एवं खाई खेड़ा के बड़े तस्कर अवैध कच्ची शराब की भारी-भरकम खेप लेकर खपत के लिए रोजाना आते हैं।

# 24 पाउच कच्ची समेत एक दबोचा

काशीपुर( उद संवाददाता)। क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के कारोबारी को पकड़ कर उसके कब्जे से 24 पाउच कच्ची शराब बरामद किया। जानकारी के मुताबिक हनुमान मंदिर के पास मोहल्ला महेश पुरा निवासी जरनैल सिंह पुत्र मोहन सिंह टांडा उज्जैन रेलवे क्रॉसिंग के समीप संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त था इसी दौरान पुलिस ने शक के आधार पर दबोच कर उसके कब्जे से 24 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। यही आस पास कुछ और शातिर किस्म के कच्ची शराब कारोबारी सक्रिय है कानून के हाथ उन तक नहीं पहुंच पा रहे।

# देश के लिए जलमार्ग बने वरदान

हम जानते हैं कि काशी विश्वनाथ की नगरी वाराणसी से जल परिवहन का नया इतिहास रचा हो गया है। सुनहरे अक्षरों में लिखे गए इस अध्याय का श्रीगणेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। प्रदूशण मुक्त जल परिवहन की यह सुविधा उद्योग जगत और देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का द्वार खोल रही है। 5369.18 करोड़ लागत की यह परियोजना 1383 किमी लंबी है, जो हल्दिया से वाराणसी तक के गंगा नदी में जलमार्ग का रास्ता खोलती है। इसे राश्ट्रीय जलमार्ग-1 नाम दिया गया है। इसे भारत सरकार एवं विश्व बैंक द्वारा आधी-आधी धनराशि खर्च करके अस्तित्व में लाया गया है। अब यहां 1500 से 2000 टन के बड़े मालवाहक जहाजों की आवाजाही नियमित हो गई है। इसके तहत तीन मल्टी मॉडल टर्मिनल वाराणसी, साहिबगंज व हल्दिया में बनाए गए हैं। साथ ही दो इंटर मॉडल टर्मिनल भी विकसित किए जा रहे हैं। वाराणसी में इस टर्मिनल का लोकार्पण नरेंद्र मोदी ने कोलकाता से आए जहाज से कंटेनर को उतारने की प्रक्रिया को हरी झंडी दिखाकर किया था। जहाजों को खाली करने के लिए जर्मनी से उच्चस्तरीय क्रेनें आयात की गई हैं। इन कंटेनरों में कोलकाता से औद्योगिक सामग्री लाई जा रही है। इधर से कंटेनरों में खाद व अन्य औद्योगिक उत्पादन भेजे जाने का सिलसिला जारी है। ये मालवाहक जहाज पूर्वी भारत के प्रदेशों के बंदरगाहों तक आसानी से पहुंच रहे हैं। कालांतर में इस जलमार्ग से एशियाई देशों में भी ढुलाई आसान होगी। इस जलमार्ग से सामान ढुलाई के अलावा पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा मिल रहा है। इससे बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल सहित पूर्वी एशिया तक क्रूज टूरिज्म की नई शुरूआत हो चुकी है। इससे 'नमामि गंगे' परियोजना के तहत गंगा सफाई का जो अभियान चल रहा है, उसे भी मदद मिलने लगी है। 23000 करोड़ की इस परियोजना के अंतर्गत फिलहाल 5000 करोड़ की परियोजनाएं क्रियान्वित हैं। इस परियोजना के पहले चरण की शुरूआत केंद्रीय सड़क व जहाजरानी मंत्री नितीन गडकरी ने वाराणसी के अधेरेश्वर रामघाट पर एक साथ दो जलपोतों को हरी झंडी दिखाकर, हल्दिया के लिए रवाना करके की थी । इन जहाजों के नाम वीवी गिरी और वसुदेव हैं। इसी के साथ मोक्षदायिनी गंगा नदी में जल परिवहन की ऐतिहासिक शुरूआत हो गई थीं। राजग सरकार की भविश्य में नदियों पर 111 जलमार्ग विकसित करने की योजना है। ऐसा संभव होता है तो एक साथ कई लाभ होंगे। नदियों के अविरल बहने के प्रबंध होंगे। इससे नदियां प्रदूशण-मुक्त बनी रहेंगी। सड़क व रेल मार्गों पर माल की ढुलाई घटेगी। इससे इन दोनों ही मार्गों पर यातायात सुगम होगा और दुर्घटनाएं घटेंगी। सड़को के चौड़ीकरण करने के लिए लाखों की संख्या में वृक्षों को काटने की जरूरत नहीं रह जाएगी। इसके अलावा यात्रा खर्च में भी कमी आएगी। कालांतर में यात्री जहाज नदियों की जल सतह पर तैरते दिखाई देंगे। यह देश का दुर्भाग्य ही रहा है कि हमने आजादी के 75 साल में नदियों पर कोई विशेश ध्यान नहीं दिया और उन्हें कचरा डालने व मल-मूत्र बहाने का आसान माध्यम मान लिया। जबकि ये नदियां जीवनदायी होने के साथ यातायात का सरल माध्यम प्राचीन समय से ही रही हैं। हालांकि देश में 35 साल पहले भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण बन गया था, लेकिन इस दिशा में कोई उल्लेखनीय काम नहीं हो सका। दुनिया में आई औद्योगिक क्रांति के पहले एक जमाना वह था, जब भारत की नदियों और समुद्र में यात्री व माल परिवहन की ढुलाई करीब 90 प्रतिशत जहाजों से होती थी। ये मार्ग अंतर्देशीय तो थे ही, अंतरराश्ट्रीय भी थे। प्राचीन भारत में पांच प्रमुख जलमार्ग थे। ये स्वाभाविक रूप में प्रकृति द्वारा निर्मित मार्ग थे। नदियां निरंतर बहती थीं और शहरी कचरा इनमें नहीं डाला जाता था, इसलिए ये जल से लबालब भरी रहती थीं। नतीजतन बड़े-बड़े जलपोतों की आवाजाही निर्बाध बनी रहती थी। ये पांच मार्ग पूर्वी धरती में गंगा और उसकी सहायक नदियों में, पश्चिम भारत में नर्मदा के तटीय क्षेत्रों में, दक्षिण भारत में कृश्णा व गोदावरी के तटीय इलाकों में और पूर्वोत्तर भारत में ब्रह्मपुत्र व महानदी के तटीय क्षेत्रों में विकसित थे। यानी संपूर्ण भारत में जलमार्गों का जाल बिछा था। समुद्र में चीन, श्रीलंका, मलाबार, ईरान की खाड़ी और लाल सागर तक जलमार्ग थे। इन्हीं जलमार्गों पर भारत के बड़े नगर बसे थे। हमारे ये जलमार्ग दो कारणों से नश्ट हुए। एक अंग्रेजी हुकूमत के दौरान रेल व सड़क मार्गों के विकसित करने और दूसरा, अंग्रेजों द्वारा शड्यंत्रपूर्वक भारतीय जहाजरानी उद्योग को चौपट करने की मंशा के चलते किया। नतीजतन ये पारंपरिक मार्ग खत्म होते चले गए। अलबत्ता आजादी के बाद हमने नदियों के किनारे पर अवैध निर्माण तो किए ही, नदियों को कचरे से पाटना भी शुरू कर दिया, इस वजह से नदियों के जहां पाट संकीर्ण हुए, वहीं इनकी तलहटी में गाद जमती चली गई। गोया, नदियों की जलग्रहण क्षमता कम हुई और जहाजरानी उद्योग सिमटता चला गया। हालांकि प्लासी के युद्ध के बाद से ही जहाजरानी उद्योग पर संकट के बादल मंडराने शुरू हो गए थे। जबकि इस समय तक जहां पुर्तगालियों के पास 3, डच लोगों के पास 5, फ्रांसीसियों के पास 1, डेनमार्क के पास 1, अमेरिका के पास 15 और ईस्ट इंडिया कंपनी के पास 40 जहाज थे। इन्हीं के माध्यम से वस्तुओं का आयात-निर्यात किया जाता था। इनका निर्माण भारत के शिल्पकार देशज संसाधनों से करते थे। अंग्रेजों की निगाह में जब जहाजरानी उद्योग की सफलता की कहानी सामने आई तो उन्होंने इसे नेस्तनाबूद करने की साजिश रच दी। भारतीय जहाजों को देश से बाहर जाने और देश की ही समुद्री सतह पर नए नियम बनाकर व्यापार को प्रतिबंधित कर दिया। यह नियम चार्टर एक्ट के जरिए वजूद में लाया गया। 1796 में इस एक्ट में एक विशेश धारा संलग्न करके प्रावधान किया कि 'ब्रिटेन या भारत के व्यापारी या कंपनी के मुलाजिम जो माल भारत से ब्रिटेन लाएं अथवा ब्रिटेन से भारत लाएं, वे माल केवल उन्हीं जहाजों में ला सकेंगे, जो कंपनी के अधीन होंगे।' इस कानून से इस उद्योग की रीढ़ टूट गई और जहाजरानी उद्योग चौपट होता चला गया। अब यह खुशी की बात है कि लुप्त हुए मार्ग और जहाजरानी उद्योग को जीवनदान मिल रहा है। अंतर्राज्यीय और अंतरराश्ट्रीय दोनों ही तरह के मार्ग विकसित किए जा रहे हैं। फिलहाल देश में रेलमार्गों की हिस्सेदारी महज 3.6 फीसदी है। 2018 के अंत तक इसे 7 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया था, जो पूरा हुआ। चीन में जल परिवहन की हिस्सेदारी 47 प्रतिशत, अमेरिका में 21 और कोरिया व जापान में 40 प्रतिशत से ज्यादा है। अब यदि 111 नदियों पर जलमार्ग विकसित हो जाते हैं, तो तय है कि जल परिवहन क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। नितिन गडकरी ने 2020 तक इससे 200 लाख टन माल निर्यात करने की उम्मीद जताई थी, जो लक्ष्य प्राप्त कर चुकी है। इससे एक साथ शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदलाव आ रहा है। किसान और कृशि उत्पादों के व्यवसाय से जुड़े लोगों को अंतरराज्जीय व अंतर्देशीय वितरण में सीधा लाभ मिलने लगा है। दरअसल जल परिवहन बेहद सस्ता और सुगम है। सड़क, रेल व जल मार्ग पर प्रति यात्री खर्चा क्रमशः डेढ़ रुपए, एक रुपए और 30 पैसे प्रति किलोमीटर आता है। एक जहाज से 15 रेल वैगन या 60 ट्रक के बराबर माल ढुलाई होती है। इस कारण ईंधन की भी बड़ी मात्रा में बचत होती है। एक लीटर ईंधन में सड़क पर 25 टन प्रति किमी, रेल से 95 टन प्रति किमी, जबकि जलमार्ग से 215 टन प्रति किमी माल की ढुलाई की जा सकती है। साफ है, जल मार्ग में ईंधन कम खर्च होने से धन की बचत होती है और पर्यावरण का विनाश नहीं होता है। जलमार्ग का विकास भी रेल व सड़क मार्ग की तुलना में सस्ता पड़ता है। इसमें न कृशि भूमि के अधिग्रहण की जरूरत पड़ती है और न ही जंगलों को काटने की जरूरत रह जाती है। अभी वाराणसी से हल्दिया तक का जलमार्ग परिवहन के लिए शुरू हुआ है। इसे जल्दी ही प्रयागराज और फिर कानपुर तक बढ़ा दिया जाएगा। प्रयागराज से हल्दिया तक की दूरी 1620 किमी है। यह सबसे लंबा जलमार्ग बनेगा। यह मार्ग गंगा, भागीरथी और हुगली नदी से गुजरेगा। फिलहाल हल्दिया, फरक्का और पटना में स्थायी टर्मिनल हैं, जबकि कोलकाता, भागलपुर और प्रयागराज में फ्लोटिंग टर्मिनल हैं। इसे पहला राश्ट्रीय जलमार्ग घोशित कर दिया गया था। दूसरा बड़ा जलमार्ग ब्रह्मपुत्र नदी पर सादिया से असम के ध्रुवी तक फैला है। 891 किमी लंबा होने के कारण यह उत्तर-पूर्व का सबसे बड़ा जलमार्ग है। तीसरा बड़ा जलमार्ग केरल के कोल्लम से कोट्टापुरम तक फैला है। इसकी लंबाई 205 किमी है। यह भारत का ऐसा जलमार्ग है, जहां भर-पूर जल 12 महीने भरा रहने के कारण हमेशा नौपरिवहन होता रहता है। चौथा बड़ा जलमार्ग काकीनाडा से पुड्डूचेरी तक है। यह गोदावरी व कृश्णा नदियों से गुजरता है। यह तमिलनाडू और आंध्रप्रदेश में आता है। पांचवा बड़ा जलमार्ग ओडिशा से पश्चिम बंगाल को जोड़ता है। यह मार्ग ब्राह्मणी नदी के पूर्वी तट नहर मताई नदी और महानदी डेल्टा से गुजरता है। इसके जरिए कोयला, उर्वरक और लोहा का परिवहन होगा। छठा जलमार्ग असम में प्रस्तावित है। यह लाखीपुरा से भंगा तक जाता है, जो बाराक नदी पर है। इस जलमार्ग से सिलचर से मिजोरम तक व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी। नितिन गडकरी ने राज्यों में अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास के लिए संयुक्त उद्यम बनाने की दृश्टि से राज्यों को केंद्र सरकार से हाथ मिलाने की अपील की है। इन जलमार्गों पर जल्दी काम इसलिए शुरू नहीं हो पा रहा है, क्योंकि प्रस्तावित परियोजनाओं को राश्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण से स्वीकृतियां नहीं मिल पा रही हैं। हालांकि प्रयागराज से हल्दिया के बीच जो जलमार्ग प्रस्तावित है, उसे एनजीटी ने हरी झंडी दे दी है। गंगा नदी पर बनने वाले इस महत्वाकांक्षी अंतर्देशीय जलमार्ग योजना पर अब काम भी शुरू हो चुका है। यह जलमार्ग प्रयागराज से भदोही, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, मुगलसराय, बलिया, गाजीपुर, आरा, बक्सर, पटना, मोकामा, म्रुगेर, भागलपुर, फरक्का, कोलकाता और हल्दिया को परस्पर जोड़ देगा। इससे व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि तो होगी ही बड़ी संख्या में कुशल और अकुशल युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। गंगा नदी के किनारे बसे हमारे अधिकांश शहर धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताओं व परंपराओं से जुड़े हैं। प्राचीन मंदिर एवं खगोलीय घटना से जुड़े स्थल भी इन शहरों में हैं। साफ है, पर्यटन को भी जल यातायात सुगम हो जाने से बढ़ावा मिलेगा। नतीजतन आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आ रही है। अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग की दृष्टि से एक बड़ी उपलब्धि भारत और म्यांमार को जल्द मिलने वाली है। भारत सरकार द्वारा यह मार्ग विकसित किया जा रहा है। सितवे बंदरगाह से इस परियोजना को जमीन पर उतारना संभव हो पाया है। इसका असली फायदा लेने के लिए भारत सरकार द्वारा भारत और म्यांमार के बीच सीमा पर 110 किलोमीटर लंबी सड़क भी बनाई जा रही है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद हमें न केवल व्यापारिक और रणनीतिक लाभ मिलेगा, बल्कि पूर्वोत्तर राज्यों के विकास को भी नए पंख मिल जाएंगे। याद रहे दुनिया का सबसे पहला जलमार्ग कन्याकुमारी से श्रीलंका तक भगवान श्रीराम के नेतृत्व में वानर सेना ने निर्मित किया था। इस मार्ग निर्माण का तकनीकी ज्ञान नल और नील इन दो शिल्पकारों ने दिया था। अमेरिका की प्रसिद्ध वैज्ञानिक संस्था नासा ने इस रामसेतु के चित्र 1993 में अंतरिक्ष में स्थापित उपग्रह से लिए थे। इन तस्वीरों के अध्ययन के बाद स्थापित किया गया कि यह दुनिया का मानव-निर्मित पहला सेतु है। इस रामसेतु के निर्माण और उपयोग का वर्णन वाल्मीकि रामायण से लेकर संस्कृत के अनेक प्राचीन ग्रंथों में मिलता है।

**प्रमोद भार्गव**,लेखक,वरिष्ठ पत्रकार

Created by Universal Document Converter

# किच्छा में स्थापित होगी कबीर दास जी की भव्य प्रतिमा: बेहड़

किच्छा। विधायक तिलक राज बेहड़ के कार्यालय पर संत कबीर दास जयंती मनाई गयी। इस उपलक्ष्य में सभी ने उनके चित्र पर मालार्पण किया व पुष्प अर्पित करके नमन किया, इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने उन्हें नमन किया व नतमस्तक हुए और कहा कि कबीरदास जी न सिर्फ एक संत थे बल्कि वे एक विचारक और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने अपने पूरे जीवन में समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए कई दोहे और कविताओं की रचना की। कबीरदास जी हिंदी साहित्य के ऐसे कवि थे, जिन्होंने समाज में फैले आडंबरों को अपनी लेखनी के जरिए उस पर कुठाराघात किया था। इस मौके पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि संत कबीर दास जी की किच्छा नगर के सार्वजानिक स्थल पर एक भव्य




प्रतिमा विधायक निधि से स्थापित की जाएगी जो की संत कबीर दास जी कि अगली जयंती से पूर्व ही बनकर तैयार कराई जाएगी तथा प्रतिमा कि स्थापना के बाद अगले वर्ष उनकी जयंती पर भव्य कार्यक्रम भी किच्छा नगर में आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली ने कहा कि संत कबीर दास जी ने पूरी मानव जाती को अपनी लेखनी से जीवन का सार समझाया ऐसे संतो को नमन करना व उनके विचारों पर चलने का प्रयत्न करने मात्र से ही जीवन का लक्ष्य पूर्ण होता है। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पवर्षा की नमन किया व मिष्ठान वितरण किया गया इस दौरान किच्छा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी,ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुड्डू तिवारी ,हाजी सरवर यार खां,मेजर सिंह,अरुण कुमार शुक्ल ,विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़,ओम प्रकाश दुआ,अशोक चुग,राम बाबू, योगेन्द्र कार्की प्रधान,सुनीता कश्यप,सुंदर सिंह ,बलवंत सिंह,गुलशन सिन्धी,नजाकत खां, फिरासत खां,सुरजीत सिंह,धर्मेन्द्र सिन्धी ,कैलाश जोशी,जीवन जोशी,जीवन पन्त,निशांत शाही,जगरूप गोल्डी ,अफसार ,तौशिब, आरिफ,रणजीत,आदि लोग उपस्थित रहे।

# किसान को जान से मारने की कोशिश

रूद्रपुर। निकटवर्ती ग्राम भगवानपुर में खेत में घूम रहे किसान पर धारदार हथियार से जान से मारने की कोशिश की गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में ज्ञान प्रकाश दुबे पुत्र स्व. राम जनम दुबे निवासी ग्राम भगवानपुर ने कहा है कि 1 जून को समय वह अपने खेत में घूम रहा था। तभी बृजेश कुमार यादव पुत्र स्व. नन्दजी यादव निवासी भगवानपुर जान से मारने की नियत से हाथ में कापा लेकर आया और गाली गलोच करते हुए धढ़ से सर को अलग कर देने की धमकी देता हुआ जान से मारने का प्रयास किया। उसने कहा कि गांव के जिन लोगों ने भी मंदिर मामले में उसकी मदद नहीं की उनको भी वह जिंदा नहीं छोडेगा। उसे एवं गांव वालो को इससे जान माल खतरा बना हुआ है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर ली है।

# खराब पड़े प्याऊ को ठीक कराने की मांग

सितारगंज( उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र मे भीषण गर्मी के कारण बाहर से आये राहगीर साफ शीतल पानी के लिए परेशान हो रहें है। शुक्रवार को सभासद रवि रस्तोगी के नेतृत्व में लोगों ने अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्या को ज्ञापन प्रेषित कर नगर क्षेत्र में खराब पड़े प्याऊ को ठीक कराने की मांग की। सभासद रवि रस्तोगी ने कहा



कि नगर पालिका द्वारा लाखों रुपए से लगाए गए शीतल प्याऊ मरम्मत के अभाव में लंबे समय से खराब पड़े रहने से लोगों में पालिका के प्रति रोष व्याप्त है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के जरूरत मंद लोग दैनिक प्रयोग के काम में आने बाले सामान की खरीददारी करने के लिए भीषण गर्मी में आते हैं। गर्मी में लोगों को प्यास सताती है। लेकिन मुख्य मार्ग पर साफ पानी पीने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। जबकि नगर पालिका द्वारा लाखों रुपये के लगाए प्याऊ खराब पड़े हुए है। सार्वजनिक स्थानों पर पियाऊ खराब है। इसके अलावा हेण्डपम्प भी खराब पड़े है। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि श्री मोनी बाबा मंदिर, श्री प्राचीन भूमिया देवी मंदिर, पुरानी तहसील, महाराणा प्रताप चौक, विजटी चौराहा, मुक्तिधाम आदि स्थानों पर लगे प्याऊ लंबे समय से खराब है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से नगर में खराब इलेक्ट्रॉनिक प्याऊ की मरम्मत कराकर जनहित को देखते हुए शीतल पानी शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सभासद रवि रस्तोगी, पंडित दिनेश भट्ट, राजेश रस्तोगी, नरेंद्र गुप्ता, किशन बाल्मीकि, राधेश्याम आदि लोग थे।

# गरीबों को उजाड़ना बंद करे सरकार: गावा

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने वर्षों से बसे लोगों को अतिक्रमण हटाने के नाम पर उजाड़ने की निंदा करते हुए गरीबों पर अत्याचार बंद करने की मांग की है। मीडिया को जारी बयान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार हिटलरशाही का परिचय दे रही है। गरीब जनता महंगाई और बेरोजगारी से पहले ही त्रस्त थी अब उनके आशियानों को भी छीनकर उन्हें खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। श्री गावा ने कहा कि तराई में बड़ी संख्या में लोग राज्य गठन से पूर्व से ही सिंचाई, राजस्व, वनभूमि में बसकर जीवन यापन कर रहे हैं। इन लोगों का राज्य निर्माण में भी अहम योगदान रहा है। लेकिन आज ये लोग अपने ही राज्य में पराये हो गये हैं। सरकार अब तक इन लोगों को सरकारी सुविधायें जैसे सरकारी राशन, बिजली पानी आदि की सुविधाए देती रही है और समय समय पर इनके वोट का इस्तेमाल करती रही है। अब सरकार उन्हें एकतरफा तरीके से अतिक्रमण करार देते हुए उजाड़ रही है। कई जगह लोग सड़कों पर जीवन यापन करने को मजबूर हैं कई जगह लोगों को नोटिस दिए गये हैं जिसके चलते इन लोगों की नींद उड़ गयी है। श्री गावा ने कहा कि भाजपा सरकार संवेदनहीन हो चुकी है। इस सरकार गरीबों के दुख दर्द से कोई लेना देना नहीं है। सरकार की इस तानाशाही ने न सिर्फ गरीबों की छत छिन गयी है बल्कि हजारों बच्चों का भविष्य भी बर्बाद हो रहा है। जिस परिवार का घर ही उजड़ जाये उस घर के बच्चे कैसे शिक्षा ग्रहण करेंगे सरकार को इसकी भी चिंता नहीं है। भाजपा सरकार घमंड में इस कदर चूर हो गयी है कि वह लगातार जनता के हितों पर कुठाराघात कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गरीबों को उजाड़ने की इस नीति का कांग्रेस खुलकर विरोध करेगी। उन्होंने गरीबों के आंसुओं का हिसाब आगामी लोकसभा और निकाय चुनाव में जनता लेगी।

# वन पंचायत समिति के अभिलेख उपलब्ध कराएं: डीएफओ

पिथौरागढ़। डीएफओ जीवन मोहन दगाड़े की अध्यक्षता में वन पंचायत मामलो के निस्तारण के संबंध में एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें उन्होंने जनपद के समस्त एसडीएम व वन विभाग के रेंजर को निर्देश दिए कि उनके क्षेत्र से सम्बन्धित वन पंचायत समिति के खसरा खतौनी एवम उससे सम्बन्धित आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अवगत कराया कि वन पंचायतों के गठन




संबंधी अभिलेख शासन को उपलब्ध कराए जाने हैं, इस हेतु उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश देने के साथ ही सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिए कि तहसीलों में वन पंचायतों के गठन सम्बन्धी रिकॉर्ड की जांच कर जनपद में गठित वन पंचायतों के अभिलेख जल्द ढूंढ लिये जायें। ऐसी गठित वन पंचायतें जिनके नाम खतौनी में दर्ज है, लेकिन उनके अभिलेख उपलब्ध नहीं है तो उन वन पंचायतों का समिति के माध्यम से भौतिक सत्यापन किया जाए। बैठक में एडीएम फिंचा राम चौहान, उप जिलाधिकारी धारचूला दिवेश शाशनी, उपजिलाधिकारी बेरीनाग अनिल कुमार शुक्ला, तहसीलदार गंगोलीहाट अबरार अहमद, तहसीलदार डीडीहाट चंद्र सिंह हरकोटिया, तहसीलदार बेरीनाग दिनेश कुमार,रेंजर डीडीहाट बालन सिंह, रेंजर धारचूला सुनील कुमार, रेंजर पिथोरागढ़ पुरन सिंह, रेंजर बेरीनाग चंद्रा मेहरा उपस्थित थे।

# गोष्ठी में दी महावारी स्वच्छता की जानकारी

रूद्रपुर ( उद संवाददाता) ।राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के उपलक्ष में दरिया नगर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें आरबीएसके के डॉक्टर कामरान मलिक एवं एएनएम दीपा जोशी ने उपस्थित किशोरियों एवं महिलाओं को महावारी स्वच्छता के विषय में विस्तार से जानकारी



दी। जिसमें मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता रखनेएवं सेनिटरी नैपकिन का प्रयोग करने के महत्वको बताया। साथ ही आयरन की गोलियों की उपयोगिता भी बताई। किशोरियों को जागरूक करने के लिए मासिक धर्म स्वच्छता पर चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाली किशोरियों को डॉक्टर कामरान मलिक एवं श्रीमती अमिता पाल आंगनवाड़ी कार्यकर्ती द्वारा लक्ष्मी, कविता, मीना , ज्योति , साक्षी एवं रेखा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त स्मृति, आरजू, रिया, प्राची व पलक को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आरकेएसके परामर्शदाता डोरी सिंह , कल्पना बिष्ट एवं आशा कोऑर्डिनेटर लक्ष्मी पोखरियाल समस्त आशा फैसिलिटेटर दरिया नगर के किशोर किशोरिया और महिलाएं उपस्थित थी।

# राजस्व उपनिरीक्षकों का नौ माह का प्रशिक्षण संपन्न

अल्मोड़ा( उद संवाददाता) ।राजस्व पुलिस, भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान अल्मोड़ा में राजस्व उपनिरीक्षक प्रशिक्षण समापन समारोह के अवसर पर जिलाधिकारी विनीत तोमर ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को कहा कि सैद्धांतिक प्रशिक्षण की अवधि में उन्होंने जो कुछ सीखा है, वह उसे अपने व्यवहार में लाकर जनहित के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व उपनिरीक्षक पूरी लगन एवं ईमानदारी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि राजस्व




उपनिरीक्षक प्रशासन की पहली कड़ी के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखता है तथा, इसलिए सभी को अपनी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करना चाहिए संस्थान से 32 राजस्व उपनिरीक्षकों ने 9 माह का सैद्धांतिक प्रशिक्षण पूर्ण किया है। यह सभी प्रशिक्षण प्राप्त राजस्व उपनिरीक्षक विभिन्न क्षेत्रों में जाकर 3 माह का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे इस समापन समारोह में संस्थान के कार्यकारी निदेशक शिरीष कुमार ने भी सभी राजस्व उपनिरीक्षकों को आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रशिक्षु राजस्व उपनिरीक्षकों ने भी समारोह में अपने अपने विचार रखेकार्यक्रम में तहसीलदार अल्मोड़ा कुलदीप पांडे समेत संस्थान के प्रशिक्षक एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे

## पेज एक का शेष...

**नगला में भी सैकड़ों लोग बेघर.....** मौजूद लोगों का नियमितीकरण करने का आदेश दिया गया था तथा उस समय नैनीताल जनपद के जिलाधिकारी द्वारा इस प्रकरण में कार्यवाही करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया था किंतु जनपद नैनीताल से पंतनगर का क्षेत्र काट कर जनपद उधम सिंह नगर में सम्मिलित कर दिया गया था जिस वजह से कार्यवाही संपादित नहीं हो पाई। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उप जिलाधिकारी से कहा कि सभी अभिलेखों का सत्यापन कर आम जनता के साथ न्यायिक प्रक्रिया की जानी चाहिए तथा किसी को भी अनायास ही परेशान ने किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग सड़क का चौड़ीकरण कर रहा है जिस वजह से लोग अतिक्रमण के दायरे में आ रहे हैं उन्होंने कहा कि प्रशासन को भी धैर्य रखते हुए कार्यवाही करनी चाहिए तथा प्रभावितों के लिए विशेष सहानुभूति रखते हुए अन्यत्र बसाने की कोशिश की जानी चाहिए।

**अभिलेखों के आधार पर होगी....** है जिस किसी को भी कोई समस्या हो वह अपने अभिलेखों सहित कार्यालय में आकर समस्या का निदान करा सकता है।उन्होंने बताया कि वे लगातार सभी विभागों के संपर्क मै है तथा आला अधिकारियों से बैठक की जा रही है। किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया की रेलवे विभाग से अपनी सीमा चिन्हित करने को कह दिया है तथा इस कार्यहेतु राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग टीम भी साथ रहेगी।

**पुलिस से शिकायत करना....** उसने कोतवाली में सूचना दी थी। 28 मई को रात्रि इसका बदला लेने के लिए मोहल्ले के व्यक्ति सजन साहनी ने अपने साले रोशन साहनी पुत्र सुनील साहनी व 4 अन्य साथियों के साथ उसे बेहरमी से मारने पीटने लगे जिससे उसे खुली एवं गुम चोटे आई है। हमलावर धमकी देकर गये यदि दारू बेचने की शिकायत की तो जान से मार देगें। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है।

**किच्छा में रिर अतिक्रमण हटाने.....** कहा कि सड़कों का चौड़ीकरण किया जाना तो आवश्यक है किंतु प्रभावित लोगों को बसाए जाने की कार्रवाई पहले की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराणा चौक से बेनी मजार तक लोगों को हटाए जाने के समय सत्तारूढ़ दल के किसी भी प्रतिनिधि ने कोई ठोस पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रेलवे का सौंदर्यीकरण किया जाना तो उचित था किंतु इस कार्य हेतु केवल 27 दुकानदारों को ही हटाया जाना था लोक निर्माण विभाग ने 200 से भी अधिक लोगों को हटा दिया तथा सभी को बेरोजगार और बेघर कर दिया यह बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग वन विभाग सहित तमाम विभागों की भूमि में लोग वर्षों से रह रहे हैं एकदम सबको उजाड़ देना संविधान सम्मत प्रतीत नहीं नहीं हो सकता। विधायक बेहड़ ने कहा कि किसी को भी उजाड़ने से पहले उसको बसाये जाने की प्रक्रिया कानूनी तौर पर की जानी चाहिए।वहीं प्रशासन द्वारा लाल निशान लगाने के बाद दुकानदार खुलकर अपनी बात नही कह पाए ।विधायक बेहड़ के आश्वासनों के बावजूद और मीडिया कर्मियों के बार बार आग्रह पर भी प्रभावित लोग ना तो कैमरे के आगे आए और ना ही कुछ ज्यादा बोले जिससे साफ जाहिर था की प्रशासन के आगे सब नतमस्तक है। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हाजी सरवर यार का नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार बाजार कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला,गुलशन सिंधी, ओम प्रकाश दुआ,भूपेंद्र चौधरी,सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे

**पत्नी निकली धोखेबाज....** और अक्सर बिना बताये जाती आती रहती थी। पता करने पर घर वालो के साथ दुर्वव्यवहार करती थी। जिस कारण वह विवाह तीन वर्ष बाद से ही अपने घर से अलग रहने लगा। लगभग 2 साल पूर्व ज्ञात हुआ कि पत्नी शीना का एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है तो उसके फोन कॉल सेटिंग आदि चैक करने पर काफी आपतिजनक मैसेज व चेटिंग मिली। जिसकी शिकायत अपने ससुर तथा साले अक्षय भुडडी से की तो दोनों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद पत्नी भी बच्चे को घर में अकेला छोड़कर अपने मायके चली गई । आरोप है 25 अप्रैल 2022 की सुबह वह घर पर अकेला था तभी ससुर बल्देव कृष्ण भुडडी एवं साला अक्षय भुडडी जो उस समय वार्ड नं0 1 गदरपुर में रहते थे उसके घर में घुस आये और गालियाँ देते हुए मारपीट करने लगें। साले अक्षय भुड्डी ने तमंचा निकाल उस पर तान दिया । ससुर ने घर की अलमारी में रखे उसके घरेलू सोने एवं चांदी के जेवरात कीमत करीब 6 लाख रूपये तथा नगदी 1,32,500 रूपये निकाल लिये और उसे जान से मारने घर से उठवाने की धमकी देकर मौके से चले गयें। घटना की रिपोर्ट उसी दिन थाना कोतवाली रुद्रपुर में दी । पुलिस द्वारा हर बार जाँच कर आश्वासन देकर टाल मटोल करते रहें । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत की गयी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई । कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**हजारों की नगदी सहित दो....** निवासी गली नंबर 4 जगतपुरा बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास के कुल 5320 रूपये नगद व अन्य सामान बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा दो तरह का सट्टा खिलाया जाता है फरीदाबाद व गाजियाबाद का सट्टा। जिसमें जमा रकम का 9 गुना वापस किया जाता है । पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पति ने की थी अंजू की... स्थानीय लोगो से घटना की जानकारी की गयी। मृतका व अभियुक्त के बीच पारिवारिक कलह के कारण अभियुक्त कमल बनिक पुत्र कार्तिक बनिक उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम गोविन्दनगर पडागांव शक्तिफार्म थाना सितारगंज द्वारा मृतका की गला दबाकर हत्या कर घटना को आत्महत्या दिखाने का प्रयास किया गया । जिसके बाद 1 जून को पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को उसके घर शक्तिफार्म से गिरफ्तार किया गया ।पुलिस टीम में निरीक्षक भूपेन्द्र सिहं बृजवाल, सितारगंज, उनि जगदीश तिवारी चौकी प्रभारी शक्तिफार्म, उनि विक्रम सिह धामी चौकी प्रभारी सरकडा, हेका. नरेन्द्र यादव व का. भारत भूषण शामिल थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

Created by Universal Document Converter




Created by Universal Document Converter